डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India,
Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी का पुस्तक मेला पुस्तकायन 1 दिसंबर से
9 दिसंबर तक रहेगा पुस्तक मेला
40 से अधिक प्रकाशक और 50 साहित्यकार/कलाकार ले रहे हैं हिस्सा
मानननीय संस्कृति राज्य मंत्री, भारत सरकार अर्जुन राम मेघवाल करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली, 29 नवंबर 2023। साहित्य अकादेमी विगत वर्ष की भाँति सफलतापूर्वक आयोजित **पुस्तकायन** पुस्तक मेले का द्वितीय संस्करण अपने परिसर में 01 से 09 दिसंबर 2023 तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 10 बजे से सायं 8 बजे तक करने जा रही है। इस पुस्तक मेले का उद्घाटन दिनांक 1 दिसंबर 2023 को माननीय संस्कृति राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे। वे साहित्य अकादेमी पुस्तकालय में बच्चों के लिए नवनिर्मित 'चिल्ड्रन्स कॉर्नर' का भी उद्घाटन करेंगे। इस बार पुस्तक मेले में 40 से अधिक महत्त्वपूर्ण प्रकाशक शामिल हो रहे हैं। उक्त जानकारी देते हुए साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बताया कि पुस्तक संस्कृति और पढ़ने की रुचि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित '**पुस्तकायन**' पुस्तक मेले में अनेक साहित्यिक कार्यक्रमों के साथ ही कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रतिदिन प्रस्तुत किए जाएँगे।

नौ दिनों तक चलने वाले इस पुस्तक मेले में विभिन्न भारतीय भाषाओं के लगभग 50 लेखक/कलाकार शामिल हो रहे हैं। मेले के दौरान आयोजित साहित्यिक कार्यक्रमों में मुशायरा, कवि सम्मिलन, युवा साहिती, बहुभाषी रचना–पाठ, पैनल चर्चा एवं अपने प्रिय साहित्यकार से मिलिए जैसे अनेक कार्यक्रम रखे गए हैं। मेले में बच्चों के लिए भी कार्टून कार्यशाला एवं उनके प्रिय बाल लेखकों से मिलने के कार्यक्रम रखे गए हैं। कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र के सहयोग से की जा रही हैं। पुस्तक मेले के दौरान शामिल होने वाले कुछ मुख्य लेखक हैं – ममता कालिया, अनामिका, बलदेव सिंह, चंद्रभान ख़्याल, खालिद जावेद, प्रकाश मनु, बुद्धिनाथ मिश्र, ज्ञानप्रकाश विवेक, खालिद महमूद, महुआ माजी, माधव जोशी, इरशाद खान सिकंदर आदि।

साहित्य अकादेमी द्वारा अकादेमी परिसर में दूसरी बार आयोजित किए जा रहे इस पुस्तक मेले में साहित्य अकादेमी के अतिरिक्त देश के अन्य महत्त्वपूर्ण प्रकाशकों की पुस्तकें विशेष छूट पर बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी।

(के. श्रीनिवासराव)

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in